आवश्यक/ महत्वपूर्ण

द्वितीय अनुस्मारक

स्था-1-स्थानान्तरण पटल// 224 // वाणिज्यकर,

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ ::: दिनांक::: 22 अप्रैल, 2014

समस्त एडीशएडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1

वाणिज्य कर,

मुख्यालय के पत्र संख्या-स्था-1/ वाणिज्य कर, -2013-14 //3727 // वाणिज्यकर, दिनांक 06-11-2013 एवं पत्रांक दिनांक 11-02-2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा निर्देश दिये गये थे कि विभाग मे तैनात समस्त अधिकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध वर्किग लिस्ट मे यथा स्थान अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ अपलोड करेगे ।कमिश्नर महोदय द्वारा बार-बार निर्देशित करने के उपरान्त भी अवलोकन करने पर पाया गया है कि अभी तक अधिकारियों द्वारा अपना पूर्ण विवरण / पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ वर्किग लिस्ट/ Employee System में अपलोड नही किया गया है ।जिससे फोटोयुक्त ग्रेडेशन लिस्ट तैयार नही हो पा रही है।

उक्त के सम्बन्ध मे मुझे यह कहने का निर्देश प्राप्त हुए है कि आपके जोन में तैनात जिन अधिकारियो द्वारा अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ वर्किग लिस्ट/ Employee System में अभी तक अपलोड नही किया गया है उन्हें अपने स्तर से कडे निर्देश देने का कष्ट करें कि वे दिनांक 30-04-2014 तक प्रत्येक दशा में अपना पूर्ण विवरण / पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ वर्किग लिस्ट/ Employee System में अपलोड की कार्यवाही पूर्ण करायें।

यदि दिनांक 30-04-2014 तक किसी अधिकारी की वर्किग लिस्ट / Employee System में पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ / व्यक्तिगत विवरण में कोई त्रुटि रह जायेगी तो इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी का पूर्ण उत्तरदायी मानते हुए कठोर कार्यवाही कर दी जायेगी ।

(विनोद कुमार सिंह)

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) , वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रतिलिपि डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्यकर मुख्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे अधिकारियों की अद्यतन फोटो सहित ग्रेडन लिस्ट तथा जिन अधिकारियो द्वारा अभी तक अपनी फोटो नही अपलोड की गयी है कि सूची स्थापना राजपत्रित अनुभाग को देने का कष्ट करें। जिससे कमिश्नर महोदय को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जा सके।

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) , वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।